हिंदी दैनिक
**नागपुर मेट्रो समाचार**

# मेट्रो सिटी

नागपुर, शुक्रवार, 5 सितंबर 2025







# ओबीसी अनशन समाप्त, सरकार ने मंजूर की 12 मांगें

## सावे ने कहा- अन्याय नहीं होने देंगे

**नागपुर.** ओबीसी आरक्षण को नुकसान नहीं होने देने की मांग के साथ 6 दिन से चल रहा श्रृंखलाबद्ध अनशन गुरुवार को समाप्त हो गया। ओबीसी कल्याण मंत्री अतुल सावे ने अनशन स्थल पर पहुंचकर आश्वासन दिया कि ओबीसी आरक्षण को किसी भी तरह से नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से आरक्षण के संबंध में किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। राष्ट्रीय ओबीसी महासंघ के अध्यक्ष डॉ.बबनराव तायवाडे व महासचिव सचिन राजुरकर के नेतृत्व में 30 अगस्त से संविधान चौक पर अनशन जारी था। मराठा आरक्षण को लेकर मुंबई में हुए आंदोलन के समांतर यह अनशन किया गया। ओबीसी महासंघ का कहना था कि मराठा आरक्षण का विरोध नहीं है। लेकिन मराठा को ओबीसी आरक्षण व कुनबी जाति प्रमाणपत्र नहीं देना चाहिए। इसके अलावा ओबीसी कल्याण की विविध मांगों सहित 14 प्रमुख मांगे की गई थी। मंगलवार को मराठा आंदोलन समाप्त हो गया। उसके बाद ओबीसी महासंघ की ओर से कहा गया था कि सरकार के प्रतिनिधि के आने पर अनशन समाप्ति के संबंध में निर्णय लिया जाएगा। गुरुवार को मंत्री अतुल सावे के साथ विधानपरिषद सदस्य परिणय फुके, विधायक चरणसिंह ठाकुर, विधायक प्रवीण दटके, पूर्व राज्यसभा सदस्य डॉ.विकास महात्मे, महाज्योति के व्यवस्थापकीय संचालक मिलिंग नारिंगे, प्रादेशिक उपसंचालक अन्य मागास बहुजन कल्याण विभाग नागपुर विजय वाकुडकर उपस्थित थे। डॉ.तायवाडे ने मांगों के संबंध में निवेदन पढ़ा। उसके बाद मंत्री सावे ने 12 मांग मंजूर करने का प्रस्ताव पढ़ा व 2 मांगों को मंत्रिपरिषद की मंजूरी के लिए प्रस्तावित किया। मंत्री सावे के आश्वासन के बाद अनशन समाप्ति की घोषणा की गई।

ओबीसी विद्यार्थियों को व्यावसायिक पाठ्यक्रम में 100 प्रतिशत छात्रवृति लागू करने व अतिवृष्टि से फसल नुकसान पर किसानों को मुआवजा देने की मांग मंत्रिपरिषद की मंजूरी के लिए प्रस्तावित की गई है। अनशन समाप्ति के समय अशोक जीवतोडे, शेषराव येलेकर, शरद वानखडे, परमेश्वर राऊत, नाना झोडे, विनोद इंगोले, हरिभाऊ बनाईत, श्रीकांत मसमारे, रीतेश कडव, नीलेश कोडे, ऋषभ राऊत, गणेश चौकसे, निखिल भुते, खुशाल शेंडे, सुरेश कोंगे, अविनाश घागरे, गणेश गडेकर, ऋतिका डाफ, सुनील शिंदे, अॅड घनश्याम मांगे, मनीष फुके, अविनाश पाल, तुलसीदास भुरसे सहित अन्य उपस्थित थे।

विकास निगमों को बढ़ी फंडिंग, सावे ने कहा कि मुख्यमंत्री फडणवीस ने ओबीसी समेत विभिन्न समुदायों के लिए 22 विकास निगम बनाए हैं। पहले चरण में प्रत्येक निगम को पांच करोड़ रुपये मिले थे, जिसे अब 50 करोड़ रुपये तक बढ़ा दिया गया है। इस साल लगभग 1,200 करोड़ रुपये इन निगमों और संबंधित योजनाओं के जरिए समुदायों तक पहुंचेंगे। आंदोलन खत्म होने की घोषणा राष्ट्रीय ओबीसी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबन तायवड़े ने की। भाजपा एमएलसी परिनय फुके भी मौके पर मौजूद रहे।

### आंदोलन की पृष्ठभूमि

राष्ट्रीय ओबीसी महासंघ ने 30 अगस्त को नागपुर के संविधान चौक पर भूख हड़ताल शुरू की थी। यह आंदोलन तब शुरू हुआ जब मराठा आरक्षण की मांग को लेकर कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने मुंबई के आजाद मैदान में अनिश्चितकालीन उपवास शुरू किया। सरकार ने जरांगे की कई मांगें मान लीं, जिसमें योग्य मराठाओं को कुंभी जाति का प्रमाणपत्र जारी करना भी शामिल है।

### ओबीसी समुदाय की आपत्तियां

ओबीसी संगठन मराठा समुदाय को ओबीसी श्रेणी में शामिल करने का विरोध कर रहे थे। उनका कहना था कि सभी मराठाओं को एक साथ कुंभी प्रमाणपत्र देना उचित नहीं होगा। महासंघ ने सरकार के सामने 14 मांगें रखी थीं, जिनमें मराठाओं की ओबीसी में एंट्री रोकना और बिना ऐतिहासिक सबूत के कुंभी प्रमाणपत्र न देना प्रमुख था।

### सरकार की पहल और भरोसा

मंत्री सावे ने प्रदर्शनकारियों से कहा कि उनकी 14 में से 12 मांगें सरकार मानने के लिए तैयार है। बाकी दो मुद्दों पर अगले हफ्ते मुंबई में होने वाली बैठक में चर्चा होगी। उन्होंने यह भी बताया कि ओबीसी उद्यमियों को आर्थिक मदद दिलाने के लिए बैंकों से सीआईबीआईएल स्कोर में राहत की बात होगी और गारंटर की संख्या दो से घटाकर एक कर दी गई है।

## ईद मिलादुन्नबी, अनंत चतुर्दशी को लेकर डीसीपी कदम ने की बैठक



**नागपुर/कामठी.** आगामी ईद मिलादुन्नबी और गणेश विसर्जन के त्योहारों को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने के लिए परिमंडल पांच के डीसीपी निकेतन कदम की अध्यक्षता में नागपुर शहर के नवीन कामठी थाना में आज गुरुवार को एक महत्वपूर्ण शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में दोनों समुदायों के प्रमुख सदस्यों और पुलिस अधिकारियों ने हिस्सा लिया। डीसीपी निकेतन कदम ने सभी से सद्भाव बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना को टालने के लिए पुलिस और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहार हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग हैं और इन्हें मिलकर खुशी और शांति से मनाना हमारी जिम्मेदारी है। इस मौके पर एसीपी अंकुश खेड़कर, नवीन कामठी थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले, और जूना कामठी थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रशांत जुमड़े भी मौजूद रहे। जिन्होंने सुरक्षा संबंधी कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अपने विचार और सुझाव पेश किए, जिस पर पुलिस अधिकारियों ने ध्यानपूर्वक गौर किया। पुलिस ने यह भी आश्वासन दिया कि दोनों त्योहारों के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। गणेश विसर्जन के लिए रूट निर्धारित करने और ईद मिलादुन्नबी के जुलूस के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष चर्चा हुई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य समुदायों के बीच संवाद स्थापित करना और यह सुनिश्चित करना था कि कोई भी अफवाह या गलत जानकारी शांति भंग न कर पाए। बैठक में शांति समिति के सदस्यों के अलावा पुलिस खुफिया विभाग के अखिलेश राय ठाकुर, अंकित ठाकुर, सूचित गजभिए, और स्नेहदीप पानतावने भी उपस्थित थे।

# चिटणीस पार्क में 15 पर्यावरणपूरक गणेश विसर्जन केंद्रों की व्यवस्था



**नागपुर.** गणेश मूर्तियों के पर्यावरणपूरक विसर्जन के लिए मध्य नागपुर के विधायक प्रवीण दटके की संकल्पना से चिटणीस पार्क में 15 विसर्जन केंद्र बनाए गए हैं। गुरुवार को इन केंद्रों का विधिवत पूजा कर उद्घाटन विधायक प्रवीण दटके की प्रमुख उपस्थिति में कौस्तुव चॅटर्जी व अन्य मान्यवरों के हाथों किया गया। इस अवसर पर दटके ने शहरवासियों से अपील की कि वे गणेश मूर्तियों का विसर्जन इसी केंद्र में करें। कार्यक्रम में मनपा के उपायुक्त राजेश भगत, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. पियूष अंबुलकर, माजी महापौर अर्चना डेहनकर, ग्रीन विजिल के संस्थापक कौस्तुव चॅटर्जी, पर्यावरणतज्ज्ञ स्वानंद सोनी, मराठा लान्सर्स के वीरसिंह जाधव, मूर्तिकार संघ के अध्यक्ष ज्ञानेश्वर बारापात्रे, पूर्व नगरसेविका सरला नायक व संजय चिंचोळे उपस्थित थे। मनपा की ओर से इस वर्ष गणेश भक्तों को विसर्जन में कोई अड़चन न हो इसकी पूरी व्यवस्था की गई है। शहर के विभिन्न हिस्सों में कृत्रिम विसर्जन कुंड बनाए गए हैं। वहीं, स्व. प्रभाकरराव दटके की स्मृति में विधायक प्रवीण दटके ने चिटणीस पार्क में विशेष 15 विसर्जन कुंड की व्यवस्था की है। इन कुंडों को प्रमुख नदियों जैसे गोदावरी, कृष्णा, नर्मदा, तापी, उल्हास, पेंच, भीमा, पैनगंगा, वैनगंगा, वर्धा आदि के नाम दिए गए हैं। इनमें 8 कुंड 20x12 फीट, 5 कुंड 15x9 फीट और 2 कुंड 12x8 फीट आकार के हैं। सभी कुंड स्वस्तिक डिज़ाइन में बनाए गए हैं। विसर्जन स्थल पर भावगीतों और भक्तिगीतों की धुन पर भक्तिमय वातावरण तैयार किया गया है। साथ ही, निर्माल्य संकलन के लिए विशेष कलश भी रखे गए हैं। गणेश मूर्ति स्वीकार केंद्र की विशेषताएं, 1. चिटणीस पार्क के सभी द्वारों से मूर्तियां लाने की सुविधा। 2. 15 अलग-अलग आकार के कुंड, जिससे भक्तों को प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी। 3. विसर्जन के समय भक्तिगीतों का आयोजन। 4. रात में रोशनी और बिजली की पुख्ता व्यवस्था। 5. स्वस्तिक आकार में बने कुंड। 6. निर्माल्य संकलन के लिए कलश की व्यवस्था।

## सोलर एक्सप्लोसिव कंपनी में धमाका

> सुपरवाइज़र की मौत, 16 मज़दूर घायल

**नागपुर.**

बुधवार आधी रात के एक घंटे बाद नागपुर से 40 किलोमीटर दूर चकडोह-बाजारगांव में सोलर ग्रुप के विस्फोटक निर्माण संयंत्र में विस्फोट हो गया, जिसमें एक श्रमिक की मौत हो गई और 16 लोग आईसीयू में हैं और 9 को मामूली चोटें आई हैं। इस हादसे में कम से कम 30 कर्मचारी घायल हो गए और नौ को नागपुर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जिसमें सुपरवाइज़र मयूर गणवीर (25 वर्ष) की मौत हो गई, विस्फोट से इकाई पूरी तरह तबाह हो गई और मृतक कर्मचारी का शव मलबे से निकाला गया। सोलर ग्रुप सैन्य-ग्रेड और वाणिज्यिक, दोनों तरह के विस्फोटक बनाने का काम करता है।

कंपनी के निर्माण संयंत्र में दो साल में यह दूसरा विस्फोट है। दिसंबर 2023 में हुए एक विस्फोट में महिलाओं सहित नौ कर्मचारियों की मौत हो गई थी। जानकारी के अनुसार, कि इलाके में धुआँ उठने के बाद इकाई से कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विस्फोट इतना भीषण था कि 700 मीटर के दायरे में काम करने वाले कर्मचारी गंभीर रूप से झुलस गए और घायल हो गए।

## ईद-ए-मिलाद, गणेश विसर्जन पर शहर में शाम 4 बजे तक शराब दुकानें रहेंगी बंद

**नागपुर.** नागपुर शहर के परीमंडल क्र. 5 में ईद-ए-मिलाद तथा गणेश विसर्जन उत्सव के अवसर पर 5 सितम्बर 2025 को शाम 4 बजे तक सभी मद्य विक्री की दुकानें बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। यह आदेश पुलिस उपायुक्त निकेतन कदम के मार्गदर्शन में जारी किया गया। आदेशानुसार कलमना, पारडी, नवीन कामठी, जुनी कामठी, खापरखेडा, जरीपटका, कपिलनगर, यशोधरानगर एवं कोराडी पुलिस थानों के अंतर्गत आने वाले सभी क्षेत्र में शराब की दुकानें, देशी दारू दुकानें, बीअर बार एवं वाइन शॉप्स बंद रहेंगी। महाराष्ट्र दारूबंदी कानून की धारा 142(2) के अंतर्गत जारी इस आदेश का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस विभाग ने नागरिकों से सहयोग की अपील की है।

## 3 शातिर चोरों को पकड़ा, 2 मामलों का खुलासा

**नागपुर.** यशोधरानगर पुलिस ने चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर 2 मामलों का खुलासा किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 1,58,200 का चोरी किया हुआ माल बरामद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, दिनांक 31 अगस्त की शाम से 1 सितंबर की सुबह के बीच फिर्यादी शैलेष धरमदास शेंडे (40 वर्ष), निवासी धनगवली कॉलोनी, भिलगांव अपने परिवार सहित बाहर गए थे। इस दौरान अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर नकद 20,000 समेत चांदी के आभूषण, मूर्तियां, लैपटॉप, घड़ी व टीवी आदि कुल मिलाकर 1,40,500 का माल चोरी कर लिया था। इस संबंध में यशोधरानगर थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि भिलगांव नहर रोड पर कुछ युवक आपस में विवाद कर रहे हैं। मौके पर घेराबंदी कर पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया।

## नागपुर में अपराधियों का तांडव; पुलिस हिरासत में 17 आरोपी

### हत्या के प्रयास और दंगा जैसी धाराओं के तहत मामला किया गया दर्ज



**नागपुर.**


शहर में त्यौहारों के दौरान कानून-व्यवस्था मजबूत करने के लिए जहां पुलिस लगातार पेट्रोलिंग और रूट मार्च कर रही है, वहीं अपराधी बेखौफ होकर खुलेआम हथियार लहराते नज़र आ रहे हैं। हालांकि इस घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस ने तुरंत इसका दखल लिया है और अभी तक इस मामले में शामिल 17 आरोपियों को हिरासत में लिया है जिनके खिलाफ हत्या के प्रयास और दंगा जैसी धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। बुधवार देर रात करीब 11 बजे शांति नगर थाने के अंतर्गत एनआईटी गार्डन के पास विनायक राव देशमुख हाईस्कूल के समीप का नज़ारा दहला देने वाला था। दुपहिया वाहनों पर सवार अपराधियों ने हाथों में हथियार लहराते हुए राहगीरों को डराया, गाड़ियों में तोड़फोड़ की और जमकर हंगामा मचाया। गौरतलब है कि इसी इलाके में बुधवार शाम पुलिस ने रूट मार्च निकालकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने का दावा किया था। ऐसे में घटना के बाद नागरिकों के बीच पुलिस की कार्यप्रणाली और उसकी तैयारी पर गंभीर सवाल उठ खड़े हुए थे। इस घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए जिनका तुरंत संज्ञान लेते हुए पुलिस हरकत में आई। गुरुवार को पुलिस ने पूरे परिसर में सर्च अभियान चलाया। और शाम होते-होते इस मामले में शामिल 17 आरोपियों को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि यह घटना दो गुटों के बीच पैसों के लेन के विवाद को लेकर शुरू हुई थी और इसकी चपेट में वहां के स्थानीय नागरिक आ गए जिनका इस घटना से कोई भी लेना-देना नहीं था। इस घटना के बाद स्थानीय नागरिकों में भी रोस फैल गया है और उनका कहना है.

## शांतिनगर में पैसों के विवाद पर उपद्रव

> 17 आरोपी हिरासत में, कई वाहन तोड़े, इलाके में तनाव

**नागपुर.** शांतिनगर थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात पैसों के विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। हथियारों से लैस बदमाशों ने वाहनों को तोड़फोड़ कर इलाके में दहशत फैला दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 17 आरोपियों को हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार, विनायक राव देशमुख हाई स्कूल स्थित एनआईटी गार्डन के पास एक युवक का कुछ युवकों से पैसों को लेकर विवाद चल रहा था। रात करीब 10:30 बजे हमलावरों ने युवक की पिटाई शुरू कर दी। इस पर आसपास के लोगों ने बीचबचाव कर उन्हें रोकने की कोशिश की। हमलावर वहां से धमकी देकर चले गए। कुछ देर बाद करीब 15 से 20 युवक हथियार लहराते हुए मौके पर लौटे और रास्ते में खड़े 15 से अधिक दुपहिया और चारपहिया वाहनों को फोड़ डाला।

## एटीएम मशीन फोड़कर 8.12 लाख की चोरी



**नागपुर.**

शहर में चोरों के हौसले बुलंद हैं। ताज़ा मामला जरीपटका थाना क्षेत्र का है, जहां अज्ञात चोरों ने एटीएम मशीन फोड़कर नकदी लेकर फरार हो गए। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। मिली जानकारी के अनुसार, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की जरीपटका शाखा के ब्रांच मैनेजर आसिम अख्तर खलीक अंसारी (43 वर्ष), खसाला, कपीलनगर निवासी को उनके एटीएम चैनल सुपरवाइज़र प्रशांत पांडे ने फोन कर सूचना दी कि पाटनकर चौक स्थित एटीएम मशीन में तोड़फोड़ हुई है। ब्रांच मैनेजर तुरंत मौके पर पहुंचे। जांच में सामने आया कि दिनांक 4 सितंबर 2025 की रात करीब 2:26 बजे अज्ञात चोर गैस कटर की मदद से एटीएम मशीन तोड़कर उसमें रखी नकदी 8,12,400/- लेकर फरार हो गए। इस संबंध में फिर्यादी अंसारी की शिकायत पर जरीपटका थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ भा.दं.वि. की धारा 305 व 331(4) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस उपनिरीक्षक दशरथ पवार के नेतृत्व में आगे की जांच शुरू है।

### एटीएम से नकदी उड़ाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

ज़िले के खापरखेड़ा थाना क्षेत्र के दहेगांव (रंगारी) में नागरिकों की सजगता और पुलिस की त्वरित कार्रवाई से एटीएम से नकदी उड़ाने वाले गिरोह के दो शातिर बदमाश पकड़े गए, जबकि उनका एक साथी फरार होने में सफल रहा। अब पुलिस से तीसरे आरोपी की भी तलाश कर रही है। यह घटना बुधवार की शाम भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम केंद्र पर घटी। गिरफ्तार आरोपियों के नाम विशाल सुरेश नायक और अनूप रामभरण मोरे है जो कि नागपुर के सोमलवाड़ा, के बताये जा रहे है। तीसरे आरोपी की तलाश जारी है। आरोपी एटीएम मशीन के उस हिस्से में, जहाँ से नोट बाहर निकलते हैं, लोहे की एक काली प्लेट फँसा देते थे। खाताधारक पूरी प्रक्रिया पूरी करने के बाद भी पैसे बाहर आते नहीं देखते थे और तकनीकी खराबी समझकर लौट जाते थे।

## ऑटोरिक्शा चोरी करने वाला गिरफ्तार, 1.60 लाख का माल बरामद

**नागपुर.** क्राइम ब्रांच यूनिट-2 की टीम ने ऑटो रिक्शा चोरी की वारदात का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी किया गया वाहन बरामद किया है। आरोपी के पास से कुल 1,60,000 का माल जब्त किया गया है। जानकारी के अनुसार, फिर्यादी पवन बच्चू मुलानी (42 वर्ष) मेकोसाबाग, गीतानगर निवासी ने दिनांक 30 अगस्त की रात से 31 अगस्त की दोपहर के बीच अपना पीला बजाज मैक्सीमा ऑटो, कीमत 1,50,000 घर के बाहर लॉक कर पार्क किया था। इस दौरान अज्ञात चोरों ने वाहन चोरी कर लिया। इस मामले में मानकापुर थाने में अपराध दर्ज किया गया था। समांतर जांच में क्राइम ब्रांच यूनिट-2 ने तकनीकी विश्लेषण व गुप्त जानकारी के आधार पर कोराडी रोड क्षेत्र में ट्रैप लगाकर आरोपी निलेश राजेंद्र सोनवणे (26वर्ष) लक्ष्मीनगर, गोधनी रोड, मानकापुर निवासी को चोरी के ऑटो रिक्शा सहित पकड़ा।

# ऑरेंज सिटी के चारों ओर 148 किलोमीटर का होगा तीसरा आउटर रिंग रोड

> नए प्रकल्प के लिए 13748 करोड़ रुपए मंजूर

**नागपुर.**



नागपुर शहर राज्य में तीव्र गति से बढ़ने वाला शहर बन गया है। शहर व उससे लगे क्षेत्रों में होने वाली औद्योगिक प्रगति और मिहान व मध्य भारत के महत्वपूर्ण बाजारों के कारण नागपुर शहर के लिए मौजूदा रास्ता का नेटवर्क अब कम पड़ने लगा है। अन्य राज्यों को जोड़ने वाले भी रास्ते नागपुर से होकर गुजरने से ट्रैफिक की समस्या निर्माण होने लगी है। इसे देखते हुए तीसरे आउटर रिंग रोड की सर्वाधिक जरूरत बताई जा रही है। नागपुर महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण द्वारा नागपुर शहर से लगे तीसरे आउटर रिंग रोड और उससे लगकर 4 ट्रान्सपोर्ट प्लाजा (ट्रक व बस टर्मिनल) विकसित करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसे मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान की है। नागपुर शहर के चारों ओर 148 किलोमीटर लंबे और 120 मीटर चौड़ा बाहरी रिंग रोड, अमरावती राष्ट्रीय राजमार्ग, हिंगना राज्य राजमार्ग, समृद्धि राजमार्ग, हैदराबाद राष्ट्रीय राजमार्ग, उमरेड राष्ट्रीय राजमार्ग, भंडारा राष्ट्रीय राजमार्ग, भोपाल राष्ट्रीय राजमार्ग, काटोल राष्ट्रीय राजमार्ग, जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग सहित नागपुर शहर में प्रवेश करने वाले सभी राजमार्गों को जोड़ेगी। चार स्थानों पर ट्रक और बस टर्मिनल (ट्रान्सपोर्ट प्लाजा) भी विकसित किए जाएंगे। इस परियोजना को महत्वाकांक्षी परियोजना घोषित किया गया है। इस बाहरी बाईपास सड़क के माध्यम से समृद्धि राजमार्ग और अन्य जिलों से नागपुर और नागपुर शहर से समृद्धि राजमार्ग की ओर आने वाले भारी यातायात को आवासीय क्षेत्रों के बाहर से मोड़ा जा सकेगा। इससे शहर में उत्पन्न होने वाली यातायात भीड़भाड़ की समस्या का समाधान करने में मदद मिलेगी। नागपुर महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (एनएमआरडीए) इस परियोजना के लिए कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में कार्य करेगा। परियोजना के कार्यान्वयन के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव (नवी-1) की अध्यक्षता में एक संचालन समिति का गठन किया जाएगा।

### >>> ऐसी है परियोजना

आउटर बाईपास रोड, ट्रक और बस टर्मिनल परियोजना के ठेकों के लिए स्टाम्प शुल्क में छूट दी गई है। व्यवहार्यता रिपोर्ट के बाद इस परियोजना के लिए एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जाएगी। परियोजना के लिए 13,748 करोड़ रुपये के व्यय को मंजूरी दी गई है। परियोजना की कुल लागत में से, भूमि अधिग्रहण के लिए हुडको के माध्यम से 4,800 करोड़ रुपये का कर्ज जुटाने और राज्य सरकार द्वारा इस कर्ज के लिए गारंटी प्रदान करने को भी मंजूरी दी गई है। परियोजना के लिए आवश्यक शेष 8,948 करोड़ रुपये की राशि राज्य सरकार द्वारा वित्तीय सहायता के रूप में प्राधिकरण को उपलब्ध कराई जाएगी।




# छतरी में छिपा ज़हरीला मन्यार साँप, सर्पमित्रों की सतर्कता से टली बड़ी घटना



**सावनेर.**

सावनेर तहसील के इसापुर (पाटनसंगी) में देर रात एक ज़हरीले मन्यार साँप की मौजूदगी से दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसार, बुधवार रात लगभग 12 बजे पूरन बेहेनिया का बेटा घर के बाहर निकला, जहाँ उसे एक साँप दिखाई दिया। देखते ही देखते वह साँप घर में रखी छतरी में जाकर छिप गया।

इस घटना की सूचना तुरंत प्रवीण ठाकरे ने सर्पमित्र प्रेम खड़से (खापा) को दी। सूचना मिलते ही सर्पमित्र विशाल शेंडे, प्रेम खड़से, हर्षल मोहते, सौरभ शेंडे और सर्पमित्र समन्वयक हर्षल सदावर्ते मौके पर पहुँचे। जाँच में पता चला कि वह करीब 4.5 मीटर लंबा अत्यधिक ज़हरीला मन्यार प्रजाति का साँप था। सर्पमित्रों ने सावधानीपूर्वक उसे पकड़ा और एक सुरक्षित बक्से में डाल दिया।

बाद में खापा वन रेंज कार्यालय अधिकारी विजय गंगावने, क्षेत्र सहायक यूपी बावने और वनरक्षक गोविंदजी मेंढे की निगरानी में उस साँप को सुरक्षित रूप से जंगल क्षेत्र में छोड़ दिया गया।

**बरसात के मौसम में बढ़ रहा है साँपों का खतरा :** फिलहाल बारिश का मौसम चल रहा है और इसी दौरान साँपों के बस्तियों में आने की घटनाएँ तेज़ी से बढ़ रही हैं। कई बार ज़हरीले साँप के काटने की घटनाएँ भी सामने आती हैं। ऐसे में विशेषज्ञों का कहना है कि साँप के काटने पर तुरंत नज़दीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचकर इलाज कराना चाहिए।

**विशेषज्ञों की चेतावनी – मन्यार है 'साइलेंट किलर' :** सर्पमित्र और सर्प अभ्यासक मयूर कनोजे तथा सागर कनफड़े ने बताया कि मन्यार (सामान्य करैत) के काटने के शुरुआती लक्षण अक्सर नज़र नहीं आते। धीरे-धीरे पीड़ित को मांसपेशियों में कमजोरी महसूस होती है – जैसे पलकों का झुकना, बोलने और निगलने में कठिनाई, तथा शरीर पर नियंत्रण खोना। इसीलिए इसे "साइलेंट किलर" कहा जाता है।

**बचाव के उपाय :**

**घरों और खेतों के आसपास सफाई रखें:** चूहों के बिल पूरी तरह बंद करें क्योंकि साँप अक्सर चूहों के पीछे आते हैं।

रात में बाहर निकलते समय टॉर्च का इस्तेमाल करें।

खेतों में काम करते समय दस्ताने, जूते और लाठी का प्रयोग करें।

अगर कहीं साँप दिखाई दे, तो तुरंत वन विभाग की टोल फ्री हेल्पलाइन 1926 या नज़दीकी सर्पमित्र से संपर्क करें।

सर्पमित्रों की तत्परता और वन विभाग की देखरेख से इसापुर में एक बड़ी दुर्घटना टल गई।

# मदरसा गौसिया ने ईद मिलादुन्नबी कार्यक्रम में बच्चों ने पेश की नात शरीफ



**कन्हान.**

ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर कन्हान कान्द्री शहर में मदरसा गौसिया की ओर से संताजी हॉल में एक शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पैगंबर मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की आमद का जश्न मनाया गया। इस कार्यक्रम में मदरसा गौसिया के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए नात शरीफ और सवाल-जवाब जैसे कार्यक्रम पेश किए।

बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया और पूरे माहौल को धार्मिक आस्था से भर दिया। मदरसा गौसिया के संचालक जनाब आफताब आलम की देखरेख में चल रहा यह मदरसा शिक्षा के साथ-साथ छात्रों को इस्लामी मूल्यों से भी अवगत करा रहा है, जिसकी झलक इस कार्यक्रम में साफ देखने को मिली।

इस भव्य कार्यक्रम में शहर के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जिनमें जनाब शेख अकरम कुरैशी, अब्दुल लतीफ शेख, फिरोज मोहम्मद, अब्दुल रशीद पठान, फिरोज खान, चांद शेख, इसराइल शेख, जाकीर कुरैशी, इसराइल खान, मोहसिन कुरैशी, एहतेशाम सय्यद, इरशाद शेख और मुनीर कुरैशी शामिल थे।

इन सभी ने मदरसा गौसिया के प्रयासों की सराहना की। वहीं कार्यक्रम दौरान पत्रकार हाजी शफीक शेख़ द्वारा बच्चों को कुरान भेंट किया गया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जनाब शादाब कुरैशी, नफीस खान, अनीस पठान, शाहिद पठान, अलीम शेख, अरशद खान, शहनवाज कुरैशी और रेहान कुरैशी ने अहम भूमिका निभाई।

उनके अथक प्रयासों से ही यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो पाया, जिसने ईद मिलादुन्नबी के इस पावन पर्व पर शहर में आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया।

# कब होंगी मवेशी और आवारा कुत्तों से मुक्त शहर की सड़कें ?





**सावनेर.**

शहर की सड़कों पर आवारा पशुओं और कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन होने वाले हादसों से परेशान नागरिक अब नगर प्रशासन से सवाल पूछने लगे हैं कि आखिर कब सड़कें इन आवारा मवेशियों और श्वानों से मुक्त होंगी।

शहर के विभिन्न इलाकों में मवेशियों और कुत्तों के झुंड बेखौफ घूमते रहते हैं, जिसके कारण छोटे-बड़े हादसों में लोग घायल हो रहे हैं। कई बार राहगीरों को हाथ-पैर टूटने तक की नौबत आ चुकी है। सामाजिक संस्थाओं और कार्यकर्ताओं द्वारा बार-बार शिकायतें और अर्जियां देने के बावजूद नगर प्रशासन की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उलटे लापरवाह रवैये के कारण स्थिति और बिगड़ती जा रही है। वाहन चलाना ही नहीं, पैदल चलना तक मुश्किल होता जा रहा है। जानकारों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने सख्त कदम नहीं उठाए, तो छोटे हादसे कभी भी बड़ी दुर्घटनाओं का रूप ले सकते हैं। कुछ समय पहले प्रशासन ने पशुओं को पकड़ने की कार्रवाई शुरू की थी, लेकिन कुछ ही दिनों में वह अभियान ठंडे बस्ते में चला गया।

स्थानीय नागरिकों का मानना है कि जब तक नगर परिषद की बैठकों में जनप्रतिनिधि सक्रिय नहीं होंगे, तब तक स्थिति जस की तस बनी रहेगी।

नगरपालिका के प्रशासकीय अधिकारी संपत खलाटे और मुख्याधिकारी सुमेध अलोने से नागरिकों ने अपील की है कि वे इस गंभीर मुद्दे पर विशेष ध्यान देकर शहर की सड़कों को आवारा मवेशियों और श्वानों से मुक्त कराने के लिए ठोस कदम उठाएँ।

# 'नेत्रदान श्रेष्ठदान' के जयघोष से गूंजा शहर




**उमरेड.**

आंखें यह निसर्ग ने प्राणीमात्र को दिया हुआ एक श्रेष्ठ वरदान है. मौत के बाद अमूल्य आंखो की राख करने से मरणोत्तर नेत्रदान कर दुर्दैवी अंध भाईयों को दृष्टी देने के विचार से प्रेरित होकर राष्ट्रीय नेत्रदान जनजागृति पखवाडा के तहत उमरेड नेत्रसंपदा, सक्षम सेंटर, युथ फाऊंडेशन आदियों के संयुक्त विद्यमान से स्कूली छात्रों ने नेत्रदान के प्रबोधन पर शहर में जनजागरण रैली का आयोजन किया. इस रैली में रणधीरसिंह भदोरिया कॉलेज, महिला कला कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राएं, स्व. देवराव इटनकर पब्लिक स्कूल के राष्ट्रीय छात्र सेना एनसीसी कॅडेट, इटनकर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, पब्लिक हाइस्कूल, जीवन विकास विद्यालय, जीवन विकास वनिता विद्यालय, न्यू आइडियल गर्ल्स हाइस्कूल, ओम विद्यानिकेतन आदि उमरेड शहर के स्कूलों के छात्र बैंड पथक सहित सहभागी हुए थे. योग शिक्षिका वसुधा खंते, उमरेड नेत्रसंपदा के संयोजक डॉ. शशिकांत जयस्वाल, जीवन विकास विद्यालय मुख्याध्यापक दिनेश चुरे आदियों के हाथों हरी झंडी दिखाकर रैली का प्रारंभकिया गया. इस समारोह में कृष्णा हेडाऊ, उमरेड युथ फाऊंडेशन संस्थापक अनिलकुमार गोविंदानी, संयोजक सचिन कुहीकर, संस्थापक अध्यक्ष प्रदीप चिंदमवार, पूर्वाध्यक्ष कैलास लारोकर, अध्यक्ष दीपक पटले, सचिव गौरव राहाटे, सक्षम सेंटर जिला कार्याध्यक्ष दत्तात्रय तोटवार, अल्का रेवतकर, मांगो लेंडे, प्रकाश जुमडे, आशा मुंधडा एवं अरविंद हजारे उपस्थित थे. इनका रहा सहयोग समारोह का संचालन व आभार अनिलकुमार गोविंदांनी ने किया. रैली में छात्रों ने नेत्रदान-श्रेष्ठदान पर जयघोष से उमरेड शहर में नेत्रदान पर जनजागृति की. रैली की सफलता के लिये कंठिराम गिल्लुरकर, मनोहर तोंडे, अरविंद हजारे, अनुराग बोकडे, रितेश राऊत, विजय जयस्वानी, मनीष बालपांडे, समर भगत, विलास रायपूरकर, स्वप्निल गवली, आशिष वंजारी सहित शहर के सभी स्कूलों के अध्यापक आदियों का सहयोग रहा.

# समाजवादी पार्टी में नवजवानों ने लिया गर्मजोशी से प्रवेश




**कामठी.**

सोमवार 2 सितम्बर को समाजवादी पार्टी कामठी शहर कार्यालय में युवाओं का एक बड़ा जनसमूह के प्रदेश महासचिव परवेज़ सिद्दीकी, महिला सभा प्रदेश अध्यक्ष माया चवरे की प्रमुख उपस्थिति एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मोहम्मद तसलीम फैसल के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करते हुए गर्मजोशी से शामिल हुआ। इस अवसर पर पूरे शहर का माहौल उत्साह और जोश से भर गया।

कार्यक्रम में शामिल हुए युवाओं ने समाजवादी पार्टी की विचारधारा को अपनाते हुए कहा कि वे सामाजिक न्याय, समानता और विकास के संकल्प को लेकर आगे बढ़ेंगे। शहर के युवाओं का यह रुझान आने वाले समय में राजनीति की नई दिशा तय करने वाला साबित होगा समाजवादी पार्टी के स्थानीय पदाधिकारियों ने इस मौके पर उपस्थित होकर नव-प्रवेशित युवाओं का स्वागत किया और उन्हें संगठन की रीति-नीति से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा और संकल्प ही समाजवादी आंदोलन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएंगे।

इस ऐतिहासिक मौके पर कामटी शहर में एक नए जोश और उमंग का संचार हुआ है। युवाओं के इस बड़े समूह के पार्टी में शामिल होने से यह साफ संदेश गया है कि आने वाले समय में समाजवादी पार्टी कामटी शहर में मजबूत और सशक्त भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

इस अवसर पर मुहम्मद कामिल जिन्हें समाजवादी पार्टी का युवा अध्यक्ष, बनाया गया, उनके साथ मुहम्मद नियाज़, मुहम्मद रेहान, साजिद अंसारी, सतीश मोहबे, महेश मोहबे, निसार अहमद, शेख शारुख, शाहनवाज अंसारी, मुहम्मद माहिम, फ़ैज़ान शरीफ़, अर्शद ख़ान, सैयद शाक़िर अली, मुहम्मद अमीर, सूफ़ी अदनान, मुहम्मद जलील शहीद सहित लगभग 45 से 50 लोगों ने प्राथमिक सदस्यता ली।

इस प्रवेश समारोह में समाजवादी पार्टी महाराष्ट्र प्रदेश प्रमुख महासचिव परवेज़ सिद्दीकी, महिला सभा प्रदेश अध्यक्ष व कामठी नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष माया चवरे सहित प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मोहम्मद तसनीम फैसल, अल्पसंख्यक प्रदेश उपाध्यक्ष वकार अहमद, कामठी शहर अध्यक्ष तनवीर शोहरत, वरिष्ठ नेता सूफ़ी अज़हर आज़मी, शेख नज़र, वसील अहमद, सूफ़ी सरवर सूफ़ी सरफराज सहित पदाधिकारी उपस्थित थे .

# सावनेर में जर्जर बिजली के खंभों से बड़ा हादसा टलना मुश्किल

**सावनेर.**

शहर में बिजली आपूर्ति के लिए लगभग 50 वर्ष पहले लगाए गए लोहे के विद्युत पोल अब जर्जर स्थिति में पहुंच चुके हैं। कई स्थानों पर खंभे जमीन से सड़ने लगे हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। शहर के किल्ला पुरा, होली चौक, मुरलीधर मंदिर, बाजार चौक, माताखेड़ी, शनि मंदिर और सर्वोदय नगर समेत कई इलाकों में लगे पोल पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि इन्हें समय रहते नहीं बदला गया तो किसी की जान पर बन सकती है। इसी गंभीर समस्या को देखते हुए पूर्व नगरसेवक तथा भाजपा के नगर महामंत्री तुषार उर्फ बंटी उमाटे ने उप कार्यकारी अभियंता दिलीप राऊत को लिखित ज्ञापन सौंपकर तुरंत कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि सभी जर्जर पोलों को प्राथमिकता से बदलना जरूरी है, ताकि शहरवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# अवैध देसी शराब के साथ तीन आरोपी पारशिवनी पुलिस की गिरफ्त में



**पारशिवनी.**

पारशिवनी पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध देसी शराब की तस्करी करने वाली कार से 225 लीटर महुआ फूल की शराब जब्त की है। इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कुल 5 लाख 22 हजार 500 रुपये का माल जप्त किया गया है।

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक कार से अवैध शराब ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर चारगांव-अंबाझरी रोड पर नाकाबंदी कर पुलिस ने कार क्रमांक एमएच 32 सी 3931 को रोका। तलाशी के दौरान कार से प्लास्टिक की 15 थैलियां मिलीं, जिनमें 225 लीटर महुआ फूल की देसी शराब भरी हुई थी। बरामद शराब की कीमत 22,500 रुपये बताई गई है, जबकि कार की कीमत 5 लाख रुपये है। इस कार्रवाई में आरोपी आशुतोष संजय पवार, जयश्री संजय पवार और निशा असंतोष पवार, सभी निवासी तिरंगी तहसील सावनेर, को गिरफ्तार किया गया। पूरी कार्रवाई थानेदार राजेश कुमार थोरात के मार्गदर्शन में पुलिस उपनिरीक्षक संघमित्रा बांबोडे, रामराव पवार, संदीप नागोसे, जगदीश उइके, सूर्यप्रकाश वावरे और भूषण भोंडे ने की।

# आज कामठी में ईद मिलादुन्नबी पर एकता, भाईचारे का निकलेगा जुलूस



**कामठी.**

हर साल की तरह इस साल भी, मरकज़ी सिरतुन्नबी सोसायटी द्वारा 1500 साला जश्ने ईद मिलादुन्नबी बड़े ही जोश और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। यह जश्न पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है।

इस अवसर पर, आज शुक्रवार, 5 सितंबर को सुबह 8:30 बजे, मौलाना मोहम्मद अली जौहर मंच, मोहम्मद अली गंज, कामठी से एक शानदार जुलूस निकाला जाएगा। परचम कुशाई के बाद शुरू होने वाला यह अज़ीमुश्शान जुलूस शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए वापस दोपहर 1 बजे इसी मंच पर पहुंचेगा।

आयोजकों ने सभी लोगों से इस जुलूस में शामिल होने की अपील की है ताकि वे एकजुटता और भाईचारे की मिसाल पेश कर सकें। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। यह आयोजन 12 रबिउल अव्वल 1447 हिजरी के दिन हो रहा है, जो इस्लामी कैलेंडर के अनुसार एक महत्वपूर्ण तारीख है। कामठी में होने वाले ईद मिलादुन्नबी कार्यक्रम में कई प्रमुख हस्तियाँ शामिल होंगी।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों में नागपुर शहर के पुलिस आयुक्त डॉ. रविंद्रकुमार सिंगल, पुलिस उपायुक्त निकेतन कदम, कामठी विभाग के सहायक पुलिस आयुक्त अंकुश खेडेकर, नवीन कामठी थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधळे, जूना कामठी थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रशांत जुमडे, और कामठी यातायात विभाग की पुलिस निरीक्षक श्रीमती सुनंदा देशपुख शामिल हैं। इसके अलावा, नगर परिषद के प्रशासक विनोद जाधव, कामठी के तहसीलदार गणेश जगदाळे, और नायब तहसीलदार उमेश अंबादे भी उपस्थित रहेंगे। राजनीतिक और अन्य गणमान्य प्रमुख व्यक्तियों में महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुळे, रामटेक-कामठी लोकसभा के सांसद श्यामकुमार बर्वे, पूर्व राज्य मंत्री एड. सुलेखा कुंभारे, महाराष्ट्र राज्य के विधायक कृपाल तुमाने, और नागपुर जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुरेश भोयर शामिल होंगे।

यह कार्यक्रम नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष मो. शाहजहाँ शफाअत और नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष शकूर नागानी के संरक्षण में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें हाजी मोहम्मद हनीफ अशरफी (अध्यक्ष), मो. आबिद ताजी (उपाध्यक्ष), मो. युसूफ इकबाल कुरैशी (महासचिव), नूर मसेहम्मद नूरी (सहसचिव), और तारिक अहमद कुरैशी (कोषाध्यक्ष) जैसे पदाधिकारी शामिल हैं।

नियाज़ अहमद कुरैशी, मो. अकरम, याकूब शेख, हाजी नासिर भाटी, मो. जाफर (लाला), मो. अलिमुद्दीन तेंवर, मो. फारूक शब्बीर, इरशाद कुरैशी, तहसिन अख्तर, और गफ्फार भाटी जैसे संयोजक भी इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।




# अनिकेत कहाते रसायनशास्त्र सहायक प्राध्यापक परीक्षा उत्तीर्ण



**कामठी.**

सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज के शोध छात्र अनिकेत कहाते ने सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित रसायनशास्त्र विषय की सहायक प्राध्यापक पात्रता परीक्षा सफलता पूर्वक उत्तीर्ण की है। अनिकेत कहाते ने अपनी स्नातकोत्तर शिक्षा सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज, कामठी से पूरी की है और वर्तमान में वहीं प्रो. आर. जी. चौधरी के मार्गदर्शन में शोधकार्य कर रहे हैं। अपने इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता को दिया है। साथ ही, अपने परिवार के सदस्यों, मित्रों और शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट किया है, जिन्होंने उन्हें मार्गदर्शन और प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि इस उपलब्धि के पीछे सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. स्वप्निल दाहात, रसायनशास्त्र विभाग के प्रमुख डॉ. रतीराम चौधरी तथा सभी प्राध्यापकों का महत्वपूर्ण सहयोग और मार्गदर्शन रहा। अपने शैक्षणिक सफर में उन्हें जिन गुरुजनों का सहयोग प्राप्त हुआ। उनमें डॉ. सुदीप मंडल, डॉ. मंजिरी नागमोते, डॉ. स्नेहा वनकर और डॉ. अजय पोटभरे का विशेष उल्लेख उन्होंने किया। अनिकेत कहाते की इस उपलब्धि पर कॉलेज और शैक्षणिक क्षेत्र से उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाइयाँ मिल रही हैं।

# बारिश से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा तत्काल दें

## > शेतकरी संगठन की मांग

**समुद्रपुर.**

तालुका में पिछले दो महीनों से लगातार बारिश हो रही है। इस संततधार बारिश से किसानों की जमीन फसलों सहित बह गई है।

साथ ही अज्ञात रोग के कारण पकने की स्थिति में पहुंची सोयाबीन की फसल पीली पड़ गई है। इस भारी नुकसान का पंचनामा कर किसानों को तुरंत मुआवजा देने की मांग किसान संगठन ने तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री को निवेदन देकर की है।

निवेदन में कहा गया है कि, पिछले दो महीनों से तालुका में निरंतर बारिश हो रही है। इसके कारण नदी-नालों के किनारे की कई किसानों की जमीनें फसलों सहित बह गई हैं और किसानों को भारी नुकसान हुआ है। अज्ञात रोग से हाथ में आई सोयाबीन की फसल पीली पड़ गई है। पिछले तीन वर्षों से सोयाबीन पीला पड़ने के कारण किसानों को बड़े पैमाने पर नुकसान हो रहा है। इसलिए किसानों को जीएम सोयाबीन बीज उपलब्ध कराया जाए।



निवेदन देते समय स्वतंत्र भारत पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मधुसूदन हरणे, किसान संगठन के जिलाध्यक्ष उल्लास कोटकर, अजाबराव राऊत, बाबाराव दिवांजी, सुनील हिवसे, शंकरराव ईसनकर, जीवन गुरनुले, प्रविण महाजन, मनीष नांदे, केशवराव भोले, शंकरराव घुमडे, नानाजी राऊत, मनोज कटमुसरे, रमेश झिबड, शंकर धावडे, किसनाजी शेंड, दमडुजी मडावी, संजय राऊत, कवडु कोटमकर, अनिल धोटे, देविदास चौधरी, राम जामुनकर, कमलाकर अराडे, विजय अराडे समेत संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### किसानों की आय पर संकट

कपास की फसल की बढ़वार भी प्रभावित हुई है। किसानों का खर्चा पहले ही हो चुका है, लेकिन उत्पादन घटने से उनकी कमाई पर गहरा संकट मंडरा रहा है। इसलिए तालुका के किसानों की स्थिति का प्रत्यक्ष निरीक्षण कर सरकार द्वारा उन्हें नुकसान भरपाई दी जाए। इस पर सकारात्मक विचार कर तात्कालिक मुआवजा दिया जाए, ऐसी मांग किसान संगठन की ओर से तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री से की गई है।

# चन्नावार ई-विद्या मंदिर में 'मेरे फ्रेंड गणेश' चित्रकला का आयोजन




## >राष्ट्रीय बजरंग दल की पहल

**वर्धा.**

राष्ट्रीय बजरंग दल विदर्भ प्रांत अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद द्वारा प्रेरित किड्स अहेड (बच्चे ही आगे) बच्चों में बुद्धिमत्ता(टेलैंट) एवं संस्कार देने वाली संस्था है इसके माध्यम से राष्ट्रीय बजरंग दल वर्धा जिला द्वारा बच्चों में 'मेरे फ्रेंड गणेश' चित्रकला प्रतियोगिता,चन्नावार (ई) विद्या मंदिर, वर्धा एवं सक्षम स्कूल, वर्धा में आयोजित की गई जिसमें दोनों स्कूलों से 210 बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया।

चन्नावार स्कूल के डायरेक्टर दिनेश चन्नावार एवं प्रिंसिपल अपूर्वा पांडे एवं सक्षम स्कूल के सेक्रेटरी रोहन काठाने एवं प्रिंसिपल मंगेश अवारी के सहयोग से चित्रकला प्रतियोगिता सफ़ल हुई।

राष्ट्रीय बजरंग दल के विदर्भ प्रांत अध्यक्ष अनूप जायसवाल ने बच्चों को बताया की गणेश जी, भगवान तो है ही साथ ही बच्चों के अच्छे मित्र भी हैं, इसलिए स्कूल आने पहले उन्हें प्रणाम करें एवं अपने माता-पिता के चरण स्पर्श करें और मोबाईल से दूर रहें वह बच्चों के लिए घातक है।

इस कार्यक्रम में अहीप विभाग महामंत्री सतीश शर्मा, अंकुश ठाकुर (राबद जिला महामंत्री),मोनू श्रीवास (राबद तालुका अध्यक्ष),संजय शर्मा (अ.ही.प शहर अध्यक्ष)कपील बैसवार (अ.ही.प शहर कार्याध्यक्ष),उत्कर्ष पुसदकर (रा.ब.द शहर अध्यक्ष),ओम वैद्य (रा.ब.द बोरगांव शाखा उपाध्यक्ष),अमोद खडकाळे (रा.ब.द बोरगांव शाखा आखाड़ा प्रमुख),स्वप्निलजी ठाकरे (रा.ब.द. पूर्व जिलाध्यक्ष),निलेश वैद्य (राबद पूर्व जिला उपाध्यक्ष ) विनोद चांडक उपस्थित थे।

# आधार फाउंडेशन ने बनाए कृत्रिम जलकुंड

## > गणेश विसर्जन में पर्यावरण संरक्षण की अपील



**हिंगनघाट.**

आधार फाउंडेशन और हिंगनघाट नगर परिषद के संयुक्त प्रयास से पर्यावरण बचाव हेतु कृत्रिम गणेश विसर्जन जलकुंड का निर्माण स्थानीय न्यू म्युनिसिपल हाईस्कूल, गुरुनानक वॉर्ड, सिंधी कॉलोनी में किया गया है। हिंगनघाट शहर में हर साल अनेक सार्वजनिक और घरेलू गणेश मूर्तियों की स्थापना बड़े भक्तिभाव से की जाती है। लेकिन इन मूर्तियों को बनाने में मिट्टी, रासायनिक रंग और प्लास्टर ऑफ पेरिस का अत्यधिक उपयोग होता है। ऐसे में मूर्तियों और निर्माल्य का सीधा विसर्जन नदियों में किया जाता है, जिससे नदी का पानी प्रदूषित होता है। 'नदी है तो जल है, जल है तो जीवन है' इस उद्देश्य को ध्यान में रखकर आधार फाउंडेशन पिछले दो वर्षों से कृत्रिम जलकुंड का निर्माण कर पर्यावरण बचाव का प्रयास कर रहा है।

इसी क्रम में इस वर्ष भी आधार फाउंडेशन की ओर से पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए कृत्रिम गणेश विसर्जन जलकुंड की व्यवस्था की गई है। नदी-नाले विभिन्न कारणों से प्रदूषित हो चुके हैं, जिनमें गणेश मूर्ति विसर्जन भी एक कारण है। मूर्तियों के साथ निर्माल्य सीधे नदी में विसर्जित किया जाता है, जिससे पानी प्रदूषित होता है। इस समस्या से बचाव के लिए आधार फाउंडेशन और हिंगनघाट नगर परिषद के संयुक्त प्रयास से कृत्रिम जलकुंड तैयार किया गया है।

दिनांक 5 और 6 सितंबर को गणेश भक्तों से अपील है कि वे सीधे नदी में विसर्जन न करें, बल्कि इस पर्यावरण–अनुकूल कृत्रिम जलकुंड में ही गणेश विसर्जन करें। ऐसा आवाहन आधार फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष अतुल वांदिले एवं आयोजकों ने किया है।

# जिले में स्थानांतरित शिक्षकों को कार्यभार ग्रहण करने के आदेश

**वर्धा.**

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पराग सोमण ने गुरुवार (4 सितंबर) को वर्धा जिले में स्थानांतरण के कारण 837 शिक्षकों को नए स्कूलों में कार्यभार ग्रहण कराने के आदेश जारी किए हैं। महाराष्ट्र राज्य प्राथमिक शिक्षक समिति ने इस निर्णय का स्वागत किया है और आभार भी व्यक्त किया है। ग्रामीण विकास विभाग के 18 जून, 2024 के सरकारी निर्णय के अनुसार, जिला परिषद के प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों का स्थानांतरण किया गया है। पिछले तीन महीनों से सरकार द्वारा नियुक्त विन्सिस सॉफ्टवेयर एजेंसी द्वारा स्थानांतरण की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू की गई थी। 2017 में तत्कालीन ग्राम विकास मंत्री पंकजा मुंडे की पहल पर जिला परिषद के प्राथमिक शिक्षकों के ऑनलाइन स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू की गई थी। शिक्षकों के ऑनलाइन स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू होने के बाद से स्थानांतरण में कोई बाहरी हस्तक्षेप नहीं हो रहा है। ऑनलाइन स्थानांतरण शुरू होने के बाद स्थानांतरण प्रक्रिया में कई त्रुटियां देखी गईं और न्यायालय में याचिकाएं भी दायर की गईं। इसलिए, समय-समय पर स्थानांतरण आदेश में संशोधन किया गया। 2025 की स्थानांतरण प्रक्रिया में भी कुछ गलतियाँ हुईं। 15 मार्च 2024 की निर्धारित मान्यता नीति के कारण, स्थानांतरण प्रक्रिया में पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध नहीं कराए जा सके, मुख्यतः कम संख्या वाले उच्च प्राथमिक विद्यालयों में इसके परिणाम निश्चित रूप से भविष्य में कष्टकारी होंगे। स्थानांतरण प्रक्रिया को लागू करते समय, स्कूल में वास्तविक स्वीकृत पदों और कार्यरत पदों को ऑनलाइन दिखाते समय, जिले के लगभग पंद्रह स्कूलों में अतिरिक्त शिक्षकों की समस्या है। साथ ही, निर्धारित मान्यता नीति के कारण, यह समस्या है कि भाषा और सामाजिक विज्ञान विषयों में डिप्लोमा शिक्षकों के लिए कोई स्कूल उपलब्ध नहीं है। इसके लिए, विस्तार अधिकारियों और केंद्राध्यक्षों की पदोन्नति से विस्थापित विषय स्नातक शिक्षकों के लिए व्यवस्था की जानी चाहिए।



इसी प्रकार, पदों की कमी के बावजूद, महाराष्ट्र राज्य प्राथमिक शिक्षक समिति ने ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से लगभग 15 स्कूलों में उत्पन्न समस्या का व्यापक समाधान करने की मांग की है, ऐसा शिक्षक समिति के राज्य अध्यक्ष विजय कोम्बे और जिला अध्यक्ष अजय बोबड़े ने बताया।

### जिले में 837 प्राथमिक शिक्षकों के तबादले

प्राथमिक शिक्षकों के तबादलों में सरकारी निर्णय द्वारा विभिन्न संवर्ग निर्धारित किए गए थे। तदनुसार, वर्धा जिले में 837 शिक्षकों का तबादला किया गया है, जिसमें विशेष संवर्ग भाग-1 में 141, पति-पत्नी एकीकरण संवर्ग-2 में 60, विशेष संवर्ग भाग-4 में 626 और विस्थापित संवर्ग में 10 शामिल हैं। सेलू तालुका के गरमसूर में केवल एक स्कूल है, जो जिले के एक दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्र में है, और श्रेणी 3 से कोई स्थानांतरण नहीं किया गया है क्योंकि वहां स्थानांतरित करने के लिए कोई योग्य शिक्षक नहीं हैं.

### ऑनलाइन स्थानांतरण सूची पर कार्रवाई शुरू

शिक्षकों के ऑनलाइन स्थानांतरण की सूची 21 अगस्त को जिला परिषद को प्राप्त हुई। तदनुसार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी के आदेश में कहा गया है कि स्थानांतरित शिक्षकों को सोमवार, 8 सितंबर को वे वर्तमान में कार्यरत स्कूल से मुक्त कर दिया जाएगा, और सभी संबंधित शिक्षक 9 सितंबर को नए पदस्थापना स्कूल में शामिल होंगे। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पराग सोमण, प्राथमिक विभाग के शिक्षा अधिकारी डॉ.महेंद्र गजभिये, सहायक प्रशासन अधिकारी नंदकुमार बोबड़े और आस्थापना वरिष्ठ सहायक अमित आकरे के प्रति महाराष्ट्र राज्य प्राथमिक शिक्षक समिति आभार व्यक्त किया गया है.

# शटर तोड़कर तांबे का तार चुराने वाला गिरोह गिरफ्तार

## > स्थानीय अपराध शाखा की कार्रवाई

**वर्धा.**

शिकायतकर्ता मजार अली नि. हनुमान वार्ड वर्धा की शिकायत पर पुलिस स्टेशन वर्धा सिटी में दिनांक 22/08/25 को धारा 305(ए) 331(3), 331(4) बी.एन.एस. 2023 के तहत मामला दर्ज किया गया था, दिनांक 21/08/25 से 22/08/25 की रात्रि में अज्ञात चोरों ने शिकायतकर्ता की डी.एस. मोटर रिवाइंडिंग दुकान के सामने दुकान का शटर तोड़कर 1,50,000/- रुपये मूल्य के 15 बंडल तांबे के चुरा लिए।



जबकि स्थानीय अपराध शाखा की टीम उक्त अपराध की समानांतर जांच कर रही थी. 03/09/2025 को प्राप्त विश्वसनीय जानकारी के आधार पर आरोपी सुनील उर्फ रॉकी शांताराम शिंदे उम्र 24 नि.बोरगांव टेकड़ी वर्धा, सुजल युवराज कुंभरे उम्र 19, बोरगांव टेकड़ी वर्धा, अनिकेत उर्फ डीगो संजय बडवाइक उम्र 20, तलेगांव टालाटुले ता. जि. वर्धा, वी. एस. बालक नाम उम्र 17,नि. तलेगांव टालाटुले वर्धा को हिरासत में लिया गया और गहन पूछताछ की गई। जब उनसे पूछताछ की गई, तो उसने आरोपी ऑटो चालक राजा कैतवास, बोरगांव टेकड़ी वर्धा की मदद से उक्त अपराध करना कबूल किया और उक्त अपराध में चोरी की गई संपत्ति आरोपी आदिल अनीस शेख उम्र 28, इम्तियाज अंसारी के किराए के मकान, प्लॉट क्रमांक 44 मैत्री कॉलोनी नागपुर, आरिफ मोहनोद्दीन शेख, उम्र 34, नि. काचौरी लेआउट, नागपुर रोड, वर्धा के मदद से, नागपुर के एक कबाड़ की दुकान के मालिक, शिवकुमार शाहू, निवासी प्लॉट क्रमांक 76, शनि मंदिर के पास, कलमना, नागपुर को बेच दिया ऐसा बताया. उक्त अपराध में प्रयुक्त ऑटो रिक्शा, आरोपी को 1,00,000/- रुपये के साथ जब्त कर लिया गया है। और दुकान का शटर तोडकर तांबे की तार चुरानेवाले गिरोह को गिरफ्तार किया गया है. आगे की जांच पुलिस स्टेशन वर्धा कर रही है.

यह कारवाई पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सदाशिव वाघमारे के मार्गदर्शन में स्थानीय अपराध शाखा, वर्धा पुलिस निरीक्षक विनोद चौधरी, प्रकाश लसुंते, पुलिस अंमलदार शेखर डोंगरे, सचिन इंगोले, प्रमोद पिसे, विकास मुंढे, सुगम चौधरी, शुभम राऊत, अरविंद इंगोले, राहुल अधवाल, सुमेध शेंद्रे और साइबर सेल अंमलदार दिनेश बोरकर अंकित जिभे ने की है.

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मजबूत हो लोकतंत्र की जड़ें

## > रवींद्र रुक्मिणी पंढरीनाथ

**वर्धा.**

स्थानीय लक्ष्मीनगर, सावित्रीबाई फुले उद्यान में 31 अगस्त, 2025 को सत्यशोधक कट्टा की पहल पर प्रसिद्ध विचारक रवींद्र रुक्मिणी पंढरीनाथ ने पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया की आवश्यकता विषय प्रस्तुत करते हुए कहा कि मतदाता सूची तैयार करने से लेकर चुनाव के बाद वास्तविक मतदान और मतगणना तथा विजयी उम्मीदवार की घोषणा तक पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता होनी चाहिए। इस दौरान होने वाली हर बात की पूरी जानकारी सार्वजनिक की जानी चाहिए। तभी लोकतंत्र में लोगों का विश्वास बना रहेगा। यदि निर्वाचित प्रतिनिधि भ्रष्ट, बेईमान या अक्षम निकला, तो लोगों को उस प्रतिनिधि को वापस बुलाने का अधिकार दिया जाना चाहिए। भारत में राजनीतिक लोकतंत्र तो है, लेकिन सामाजिक या आर्थिक लोकतंत्र नहीं है। इस लोकतंत्र के मूल्यों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में स्थापित करना होगा। लोगों को यह समझाना होगा कि स्वतंत्रता, समानता, भाईचारा और न्याय ही सच्चे लोकतंत्र के मूल्य हैं।



इस कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत करते हुए एडवोकेट निखिल बुरबुरे ने कहा कि लोकतंत्र की इमारत जिन चार स्तंभों पर खड़ी है। वे चारों स्तंभ अब मज़बूत हो चुके हैं। उन्हें मज़बूत करना समय की मांग है। मतदाता सूची से नाम हटाने या जोड़ने के कुछ मानदंड हैं। लेकिन उन मानदंडों पर विचार किए बिना मतदाता सूची में नाम जोड़ा या हटाया नहीं जा सकता। लोकतंत्र में संवाद होना चाहिए। जनप्रतिनिधि जनता के कारण होते हैं। इसलिए उन्हें जनकल्याण के कार्य करने चाहिए। कार्यक्रम के अध्यक्ष बाबाराव मून थे। विचार मंच पर धनराज तेलंग, शिला गूजर, डॉ. अशोक चोपड़े, गुणवंत डकरे उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन अजय भेंडे ने किया और धन्यवाद ज्ञापन प्रकाश गोटे ने किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम की सफलता के लिए प्राचार्य जनार्दन देवतले, प्राचार्य मिलिंद सवाई, कपिल थुटे, राजेंद्र कलसाइत, रोहिणी पाटिल, विजय भुजाड़े, अभिजीत भेंडाले, डॉ. डबड़े, हरीश पाटिल, रोहित मेश्राम, डॉ. प्रकाश वनकर, सुरेश रक्षे, राजेंद्र वंदिले, प्रकाश उगेमुगे आदि ने कड़ी मेहनत की. कार्यक्रम में युवराज ढोके एवं सेवानिवृत्ति के अवसर पर नरेन्द्र बुरांडे का सत्कार किया गया।

# रोटरी क्लब और नागरिकों ने मिलकर किया वृक्षारोपण

**हिंगनघाट.**



इंदिरा गांधी वार्ड में वृक्षारोपण अभियान सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस परियोजना के निदेशक रोटेरियन सुरेश चौधरी एवं रोटेरियन मनीष चंदानी रहे। क्लब के सदस्यों के साथ स्थानीय नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर अध्यक्ष रोटेरियन पितांबर चंदानी, सचिव रोटेरियन मितेश जोशी, रोटेरियन मञ्जुषा मुले, रोटेरियन विवेक तडस, रोटेरियन केदार जोगलेकर, रोटेरियन उदय भोंकरे, रोटेरियन मुकुंद मुंधड़ा, रोटेरियन उदय शेंडे, रोटेरियन संजय काटपाताल, रोटेरियन निरंजन क्षीरसागर, रोटेरियन मनीष चंदानी तथा रोटेरियन सुरेश चौधरी उपस्थित रहे। यह वृक्षारोपण अभियान इंदिरा गांधी वार्ड के नागरिकों के सहयोग से सम्पन्न हुआ और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय कदम साबित हुआ। यह पहल रोटरी क्लब की पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# पं.शंकरप्रसाद अग्निहोत्री गणेशोत्सव महाआरती में हुए शामिल

**वर्धा.**



जय महाकाली शिक्षण संस्था के अध्यक्ष पं. शंकरप्रसाद अग्निहोत्री को दत्ताजी मेघे ने सावंगी स्थित मेघे विश्वविद्यालय के गणेशोत्सव महाआरती में आमंत्रित किया था। वे वहाँ श्री गणेश के दर्शन करने गए और गणेशजी की महाआरती की। अग्निहोत्री परिवार और मेघे परिवार के बीच पारिवारिक संबंध बहुत पुराने हैं और वे हमेशा एक-दूसरे के त्योहारों में खुशी-खुशी शामिल होते हैं। सावंगी स्थित मेघे विश्वविद्यालय का गणेशोत्सव विदर्भ में प्रसिद्ध है। इंदौर की प्रसिद्ध रोशनी, दीपों की जगमगाहट, कलाकारों का उत्साह, छात्रों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोगों की उत्साही भीड़ और अन्य बातों ने इस उत्सव को लोकप्रिय बना दिया है।

# गणेश विसर्जन कृत्रिम हौद में ही करें, शहर में बनाए गए 3 कृत्रिम हौद

**हिंगनघाट.**

पर्यावरण संरक्षण के लिए स्थानीय नगर पालिका प्रशासन ने गणेश विसर्जन हेतु शहर में 3 कृत्रिम हौद तैयार किए हैं। इसके माध्यम से नदी में मिट्टी और अन्य निर्माल्य से होने वाले प्रदूषण पर रोक लगाई जाएगी। हर साल गणेश विसर्जन के लिए नागरिकों को नदी या नाले पर जाना पड़ता है। इसके कारण अगले दिन नदी-नालों के किनारे गंदगी और कचरा दिखाई देता है। इससे बचाव के लिए नगर पालिका ने इस वर्ष भी शहर में 3 स्थानों पर विसर्जन और निर्माल्य के लिए कृत्रिम हौद तैयार किए हैं। प्रत्येक जागरूक नागरिक से अपील की गई है कि वे गणेश विसर्जन इन्हीं हौदों में करें। शहर में गणेश मूर्तियों की स्थापना बड़ी संख्या में होती है और अधिकांश लोग विसर्जन के लिए नदी या नालों पर जाते हैं। लेकिन इससे घाटों पर कचरा और निर्माल्य फैल जाता है। बरसात अधिक होने से वणा नदी का जलस्तर भी बढ़ चुका है, जिससे जान-माल का खतरा भी बढ़ सकता है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका ने पर्यावरण पूरक गणेश विसर्जन हेतु कृत्रिम हौद बनाए हैं।

# साहित्य का संरक्षण सांस्कृतिक आंदोलन का मूल है: सांसद अमर काले

**आर्वी.**

भारत की शक्ति उसकी भाषाओं और संस्कृतियों की विविधता में निहित है, और राष्ट्र ने अपने पूर्वजों और उनकी परंपराओं का सम्मान करके एकता को बनाए रखा है।

संस्कृति का एक अभिन्न अंग होने के नाते, साहित्य इस विरासत को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लेखक और कवि अपने शब्दों के माध्यम से सांस्कृतिक पहचान की रक्षा करते हैं, जो आगे चलकर राष्ट्र के भविष्य को आकार देती है।

इनमें से एक हैं इमरान राही, जिनका हिंदी और उर्दू साहित्य के प्रति समर्पण अपने आप में एक सांस्कृतिक आंदोलन कहा जा सकता है। राही अपनी संवेदनशील अभिव्यक्ति और भाषाओं के बीच सेतुबंध बनाने की प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते हैं।



उन्होंने हिंदी और उर्दू दोनों परंपराओं को समृद्ध बनाने और समकालीन समय में उनके काव्यात्मक सार को जीवित रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, यह विचार सांसद अमर काले ने प्रख्यात लेखक और कवि इमरान राही की साहित्यिक सेवाओं की सराहना करते हुए रखे ।


वे 3 सितंबर को अपने आवास पर राही के तीसरे कविता-संग्रह "पयाम-ए-राही" की प्रति प्राप्त करते हुए यह बात कह रहे थे।

इस अवसर पर अखिल आल इंडिया शास्त्री सोशल फोरम के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजय नखले, वरिष्ठ समाजसेवी नाजिम शेख, राजू लाभाने, नामदेव अखाड़े सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।




☐ यवतमाल जिले के दिग्रस शहर में बड़ा मारुति मंदिर के पास बीते 15 सालों से गणेश स्थापना जारी है. सुर्यकोटी गणेश मंडल के गणेश पंडाल में विराजित गणेश जी की आकर्षक मूर्ति....

## दिग्रस



☐ दिग्रस शहर में बड़े ही धूमधाम से गणेशोत्सव का पर्व मनाया जा रहा है. गणेश पंडालों से लेकर घरों में भक्तिभाव से गणेश मूर्तियां स्थापित की गयी है. इसी कड़ी में संजय तुपोने के घर में श्रीगणेश की मूर्ती और मोर के पंखों से मूर्ति की आकर्षक सजावट भक्तगणों और दर्शकों का ध्यानाकर्षण कर रही है.

# शिक्षक दिवस पर न्यू अपोस्टोलिक इंग्लिश हाईस्कूल में भव्य कार्यक्रम

## पूर्व छात्रों ने दी प्रेरणा

**नागपुर.**

शिक्षक दिवस के अवसर पर न्यू अपोस्टोलिक इंग्लिश हाई स्कूल में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. विनीता बॉवर, डॉ. वंदना बेंजामिन तथा सभी शिक्षकों को छात्रों और पूर्व छात्रों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में स्कूल के पूर्व छात्र शामिल हुए, जिन्होंने आज अपने-अपने क्षेत्रों में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। इनमें शामिल रहे –प्रतीक कदम, स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच, मुंबई इंडियन्स टीम। ऋषिकेश शेलार, सुप्रसिद्ध अभिनेता। स्नेहा केटे शेलार, अभिनेत्री। काजल केटे कदम, अभिनेत्री। सभी अतिथियों ने बच्चों से संवाद कर जीवन में शिक्षा, अनुशासन और कड़ी मेहनत के महत्व पर प्रेरक विचार साझा किए। स्कूल का नाम वर्षों से शिक्षा जगत में एक मिसाल बनकर सामने आया है। यहां के छात्र केवल पढ़ाई में ही नहीं, बल्कि खेल, सांस्कृतिक और अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते आए हैं। यही कारण है कि इस विद्यालय के कई पूर्व छात्र आज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। डॉ. विनीता बॉवर के नेतृत्व में स्कूल ने अनुशासन, गुणवत्ता और नैतिक शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति की है। वहीं, सहयोगी शिक्षकों का समर्पण और परिश्रम भी इस सफलता की महत्वपूर्ण कड़ी है। यहां शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जो छात्रों को जीवनभर सफलता के लिए तैयार करता है। शिक्षक दिवस का यह कार्यक्रम बच्चों और शिक्षकों दोनों के लिए यादगार रहा, जहां परंपरा, सम्मान और प्रेरणा का अनूठा संगम देखने को मिला। न्यू अपोस्टोलिक इंग्लिश हाई स्कूल ने एक बार फिर यह साबित किया है कि सच्ची शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होती, बल्कि जीवन के हर पहलू में व्यक्तित्व का निर्माण करती है।









# कांग्रेस नेता यादव ने 'राजाधीराज' के दर्शन कर लिया आशीर्वाद

**कामठी.**

छावनी क्षेत्र के कांग्रेस अध्यक्ष रितेश मानसिंह यादव ने बजरंग पार्क, शिवाजी नगर स्थित नवयुवक हरदुलाल बाबा गणेशोत्सव मंडल में 'कामठी के राजाधीराज' के दर्शन किए। इस वर्ष यह मंडल 'महाराष्ट्रीयन संस्कृति का सम्मान और अब राज्यमहोत्सव' की थीम पर गणेशोत्सव मना रहा है, जो क्षेत्र में सांस्कृतिक और पारंपरिक उत्साह का माहौल बनाए हुए है। रितेश यादव ने भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया और क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मंडल के कार्याध्यक्ष व भाजपा नेता चंद्रशेखर गोपाल तुप्पट, छावनी क्षेत्र कांग्रेस उपाध्यक्ष सोमेश जेटली और अन्य सदस्य मौजूद थे। रितेश यादव ने मंडल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवंत रखते हैं। उन्होंने आयोजकों और सभी उपस्थित लोगों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं भी दीं। यह दौरा राजनीतिक और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक रहा, जहां नेताओं ने धार्मिक उत्सवों में भाग लेकर जनता के साथ अपने संबंध मजबूत किए।





अविनाश राठोड, जयश्री राठोड, अनिकेत राठोड, सावनी राठोड के घर दस दिन की गणेश की आराधना....

### कमिंस कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग फॉर विमेन में

# सॉलिड्वर्क्स-सीएडी पर दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**नागपुर.**

एमकेएसएसएस के कमिंस कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग फॉर विमेन, नागपुर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा एचसीएल फ़ाउंडेशन के सहयोग से सॉलिड्वर्क्स-सीएडी सॉफ्टवेयर" पर दो दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यशाला 29 व 30 अगस्त को आयोजित हुई, जिसमें तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला का उद्घाटन विभागाध्यक्ष डॉ. शैलेश खेकाले ने किया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक इंजीनियरिंग डिज़ाइन में सीएडी उपकरणों का प्रयोग समय की आवश्यकता है तथा इससे विद्यार्थियों के तकनीकी व डिज़ाइन कौशल का बहुआयामी विकास संभव है। कार्यशाला का संचालन आईएफएस अकादमी, पुणे के विशेषज्ञ प्रशिक्षक आकाश इंगोले ने किया। दो दिवसीय प्रशिक्षण में छात्रों को स्केचिंग, पार्ट डिज़ाइन, असेंबली, ड्राफ्टिंग तथा मोशन सिमुलेशन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन व व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को उत्पाद डिज़ाइन एवं विकास में सॉफ्टवेयर के औद्योगिक अनुप्रयोगों की उपयोगी जानकारी मिली। इस कार्यक्रम के समन्वय की ज़िम्मेदारी प्रो. सुशील लांजेवार एवं प्रो. राहुल लेकुरवाले ने निभाई। उनके मार्गदर्शन में कार्यशाला की गतिविधिया सुचारू रूप से सम्पन्न हुई और प्रतिभागियों को विशेषज्ञों से संवाद का अवसर मिला। कार्यक्रम की सफलता के लिए प्राचार्य डॉ. मिलिंद खानापुरकर, विभागाध्यक्ष डॉ. शैलेश खेकाळे, संकाय सदस्यों एवं छात्रों के प्रयासों की सराहना की गई।



# रेशम विभाग का अपने द्वार मिशन

**भंडारा.**

पारंपरिक कृषि में घाटे से बचने के लिए, किसानों को रेशम उत्पादन के नवीन तरीकों के लिए कम से कम एक एकड़ भूमि में शहतूत की खेती करके अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ानी चाहिए। रेशम निदेशालय, नागपुर राज्य के किसानों को रेशम की खेती के संबंध में मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करता है। महाराष्ट्र सरकार के "हरित महाराष्ट्र - समृद्ध महाराष्ट्र" अभियान के अंतर्गत, वर्ष 2025 में रेशम विभाग ने 10 करोड़ वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत 4 करोड़ वृक्षारोपण का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है।

रेशम समग्र-2 प्रगतिशील किसानों के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित एक योजना है, जिसमें दो एकड़ शहतूत की खेती के लिए लगभग 90,000/-, कीट पालन गृह निर्माण के लिए 2,37,500/-, कीट पालन सामग्री की खरीद के लिए 56,250/-, ड्रिप सिंचाई सेट के लिए 75,000/- और कीटाणुशोधन सामग्री के लिए 3,750/- कुल मिलाकर 1,00,000/- रुपये दिए जाते हैं। 5,62,500/- की योजना है। जिन जिलों में पर्याप्त वर्षा हुई है, वहाँ शहतूत की खेती बड़ी मात्रा में की गई है, हालाँकि, कुछ जिलों में जहाँ वर्षा में देरी हुई है और जन जागरूकता की कमी के कारण अभी तक इसकी खेती नहीं की गई है। राज्य के अधिक से अधिक किसानों को अपने खेतों में शहतूत के पेड़ लगाने और रेशम उत्पादन से भारी मुनाफा कमाने के उद्देश्य से, राज्य रेशम निदेशालय के निदेशक विनय मून (भा.प्र.मा.से.) के मार्गदर्शन में, 1 सितंबर, "रेशम दिवस" से "रेशम विभाग आपके द्वार" अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पिछले दो वर्षों और इस वर्ष 500/- रुपये देकर रेशम कार्यालय में पंजीकरण कराने वाले किसानों से मिलकर उनकी समस्याओं पर विचार करना और उन्हें रेशम उद्योग की ओर मोड़ना है, ताकि वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें।

### रेशम खेती के लिए किसान आगे आएं, भंडारा रेशम कार्यालय की अपील

रेशम निदेशालय, नागपुर के अंतर्गत जिला रेशम कार्यालय, भंडारा द्वारा जिले के किसानों से उपरोक्त योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की जा रही है। इसके लिए वे अपने गाँव में आने वाले रेशम श्रमिकों से मिलें और जो किसान रेशम की खेती शुरू करना चाहते हैं, वे जिला रेशम कार्यालय से संपर्क करें और अपने गाँव के कम से कम पाँच किसानों की बैठक आयोजित करें और रेशम कार्यालय के कर्मचारियों से संपर्क करें। संपर्क के लिए दूरभाष क्रमांक 07184-260331 पर संपर्क करें। यह अपील रेशम विकास अधिकारी, भंडारा द्वारा की गई है।

# लालबाग राजा के स्वर्ण चरण से अजय अग्रवाल हुए सम्मानित



**कामठी.** गणेश उत्सव के पावन पर्व पर, भाजपा नागपुर ज़िला के कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, का लालबाग के राजा के स्वर्ण चरण भेंट कर विशेष स्वागत किया गया। इस शुभ अवसर पर उन्हें लाल बाग के राजा के स्वर्ण चरण भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान भाजपा के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों द्वारा अजय अग्रवाल के उत्कृष्ट कार्य और समर्पण के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए किया गया। इस दौरान, अजय अग्रवाल ने सभी को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दीं और समाज के कल्याण के लिए कार्य करते रहने का संकल्प दोहराया। इस मौके पर कुणाल सोलंकी,आशुतोष अवस्थी, अजीत सोनकुसरे, और प्रशांत पाटिल विशेष रूप से उपस्थित थे। सभी ने मिलकर गणपति बप्पा का आशीर्वाद लिया और इस आयोजन को सफल बनाया। यह कार्यक्रम भाजपा के कार्यकर्ताओं के बीच एकजुटता और उत्साह का प्रतीक बन गया।

# रविदास नगर में गणेशोत्सव की धूम

### > रंगारी परिवार ने किए दर्शन

**कामठी.**

तालुका के येरखेड़ा स्थित रविदास नगर में गणेशोत्सव की धूम देखने को मिली। इस अवसर पर, सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडलों ने विभिन्न सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस शुभ मौके पर, गणमान्य नागरिकों ने गणेश पंडालों का दौरा किया और बप्पा से सभी के सुख और समृद्धि की प्रार्थना की।

इस दौरान प्रमुख रूप से सरिता रंगारी, जो कि ग्राम पंचायत, येरखेड़ा की पूर्व सरपंच व ज़िला परिषद की पूर्व सदस्य हैं, सुमेध रंगारी, जो पंचायत समिति, कामठी के पूर्व सदस्य हैं, और अर्चना सौनेकर, जो ग्राम पंचायत, येरखेड़ा की पूर्व सदस्या हैं, उपस्थित थे। इन गणमान्य व्यक्तियों ने गणेशोत्सव मंडलों के पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ मिलकर गणेश प्रतिमाओं के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। उन्होंने समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए गणेशोत्सव मंडलों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना भी की।

यह दौरा गणेशोत्सव के पवित्र माहौल में और भी उत्साह भर गया, जहाँ भक्तों ने भक्तिभाव से भगवान गणेश की आराधना की और आशीर्वाद प्राप्त किया।



### नीरी- राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान के बीच समझौता ज्ञापन पर हुए हस्ताक्षर

**नागपुर.** गुरुवार को सीएसआईआर-नीरी, नागपुर और राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, नागपुर के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। सीएसआईआर-नीरी के निदेशक डॉ. वेंकट मोहन और राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, नागपुर के निदेशक डॉ. अजय दवाले ने इस समझौता ज्ञापन पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए। यह महत्वपूर्ण सहयोग सीएसआईआर-नीरी के व्यवसाय विकास एवं परियोजना प्रबंधन (बीडीपीएम) प्रभाग द्वारा डॉ. सुनीता शास्त्री, वैज्ञानिक एवं प्रमुख, बीडीपीएम, और श्री सतीश दबे, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक, बीडीपीएम की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

# गणेशउत्सव पर कलमना थाने में महाप्रसाद

**नागपुर.**

गणेशउत्सव के पावन पर्व पर कलमना थाने मे गणेश पूजा अर्चना कर झोन क्र. 5 के पुलिस उपायुक्त निकेतन कदम के मार्गदर्शन मे कलमना थाने के वरिष्ठ पुलिस निरिक्षक प्रवीण काले ने नागरिकों, राहगिरो के लिए महाप्रसाद का आयोजन किया. इस अवसर पर सर्वधर्म समभाव, गरीब नवाज खिदमत कमेटी कि मुख्य संयोजक व शांतता समेती कि सदस्य शायदा बेगम अहमद खान चिश्ती, माजी नगर सेवक शेषराव गोतमारे, आशा सानिया, पुष्पा सोनवाने, दुर्गा वाठ, मंगला राणे, कमलेश साहू, हरीभाऊ बनाईत, देवेंद्र राणे, रामदास साहू, फूलवती शिवहरे, शिला ठाकरे, चन्द्रकला नवले, मीना काटोले, नंदा वर्मा, सुसमा भवते, दुर्गा कुकडे, रमेश साहू, डॉ.अजय साहू देवा काडे, लोकेश बावनकर, दिनेश भाऊ, हेडकस्टेबल हरमेश परमार व कलमना थाने के सम्पूर्ण कर्मचारी सहित हजारो श्रद्धालुओं ने बप्पा का महाप्रसाद ग्रहण किया.



# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न



**भंडारा.**

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 3 सितंबर को जिला जिल्हाधिकारी की अध्यक्षता में जिल्हाधिकारी कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में परिवहन विभाग, पुलिस प्रशासन, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग और अन्य संबंधित सरकारी अधिकारियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर जिले में बढ़ती दुर्घटना दर, दुर्घटना संभावित स्थानों पर किए जाने वाले उपायों, यातायात नियमन, सड़क रखरखाव और सुधार के साथ-साथ जन जागरूकता गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। भंडारा जिले में कुल 6 ब्लैक स्पॉट हैं और इन स्थानों पर सभी आवश्यक उपाय किए गए हैं।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 126-9 | 446-4 |
| श्रीदेवी नाईट | 399-1 | 388-9 |





